**Regarding alleged issues of law and order situation in Punjab**

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल **(भटिण्डा) :** शुक्रिया मैडम, मैं आपके सामने एक बहुत ही संगीन मुद्दा रखना चाहती हूं । हमारे संविधान के पिता बाबा साहेब अंबेडकर जी को सारे देश में बहुत सत्कार और सम्मान के साथ देखा जाता है । बाबा साहेब दबे-कुचले को मान-सम्मान दिलाने वाले महान पुरुष है । पंजाब में पिछले तीन महीनों से उनकी स्टैच्यू के ऊपर लगातार अटैक किया जा रहा है । यह अटैक जनवरी में भी हुआ, फरवरी में भी हुआ और अभी दो दिन पहले भी अटैक हुआ । ये बाहर की ताकतें हैं । सिख फॉर जस्टिस ने क्लेम किया है कि पंजाब में ऐसे सारे स्टैच्यूज तोड़ दिये जाएं । बाबा साहेब की स्टैच्यू तोड़ कर देश को डिस्टैब्लाइज करने की कोशिश की जा रही है । मैं इसकी सख्त निंदा करती हूं । मैं केंद्र सरकार से विनती करती हूं, क्योंकि हमारे पंजाब की सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है । पंजाब के पुलिस स्टेशन और अमृतसर के मंदिर में भी ग्रेनेड से अटैक हुए हैं । यह पंजाब की अमन-शांति को भंग करने की कोशिश है ।

मैडम, मैं दो सेकेंड में अपनी मांग रख लेती हूं । ये बाहर की ताकतें हैं, जो पंजाब की अमन-शांति भंग कर रही हैं । केंद्र की सरकार इसकी जांच करें । जो लोग इसमें शामिल हैं, उनको सख्त सजा दी जाए, ताकि पंजाब में अमन-शांति बरकरार रहे । शुक्रिया ।